मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 26 मई 2015

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमीतत्व / दिनांक	26/05/15	27/05/15	28/05/15	29/05/15	30/05/15
वर्षा (मि.मी.)	0	0	1	1	1
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	42	43	43	42	42
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	30	30	29	29	29
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	4	3	4	4	3
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	66	54	52	48	44
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	20	18	14	16	18
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	20	22	24	22	20
हवा की दिशा	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह:

मूंगफली की उन्नत किस्में – आर.जी. 425, आर.जी. 382, एच.एन.जी.10, जी.जी. 20, टी.जी.37–ए, टी.जी. 39, एम. 13

मूंगफली के खेत में अन्तिम जुताई से पूर्व प्रति हैक्टेयर 250 किलो जिप्सम व बुवाई के समय 15 किलो ग्राम नाइट्रोजन और 60 किलो फास्फोरस नायले से ऊर कर दें।

मूंगफली की बुवाई हेतु झुमका एवं फैलने वाली किस्मों के लिये बीज दर क्रमशः 100 एवं 80 किलो बीज प्रति हैक्टेयर प्रयोग में ले। झुमका किस्मों के लिये कतार से कतार की दूसरी 30 से.मी. तथा फैलने वाली किस्मों के लिये 45 से.मी. रखें। दोनो प्रकार की किस्मों के लिये पौधे से पौधे की दूरी 10 से.मी. रखें ।

बुवाई से पहले प्रति किलो बीज को 3 ग्राम थाइरम या 2 ग्राम मैन्कोजेब से उपचारित करें ।

पशुओं को दिन में तीन से चार बार पानी पिलाएं तथा तेज घूप के समय उन्हें छाया में रखें।